आइआइएम रांची प्रकाशित करेगा हिंदी पत्रिका

रांची. आइआइएम रांची में चल रहे हिंदी पखवाड़ा का समापन गुरुवार को हुआ. मुख्य अतिथि संत जेवियर्स कॉलेज के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कमल कुमार बोस ने कहा कि हिंदी जन-जन की भाषा है. उन्होंने प्रबंधन के विद्यार्थियों और प्राध्यापकों को संस्थान में हिंदी को उचित सम्मान देने और कार्यालय के कामकाज में इसके इस्तेमाल की अपील की. आइआइएम रांची के निदेशक दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द ही संस्था की ओर से हिंदी भाषा को बढ़ावा व दिशा देने के लिए हिंदी पत्रिका प्रकाशित की जायेगी.

Prabhat Khabar_30.09.2022_Pg. 13.